चिंता

फसल को भारी नुकसान, किसानों की चिंता बढ़ी

पानी और तेज हवाओं से धान को नुकसान

बारिश और तेज हवाओं से खेतों में बिछ गई धान

नवभारत,जबलपुर। जिले में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। रुक-रुक कर हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। शहपुरा क्षेत्र के ग्राम गडर पिपरिया सहित आसपास के गांव के किसानों ने बताया कि तेज हवाओं और पानी के कारण धान की फसलें खेतों में गिर गई हैं। किसान प्रवीण पटेल ने बताया कि खेतों में धान और बालियों के झुक जाने और पानी भरने से अनाज को नुकसान हो रहा है।

खेतों में जलभराव की स्थिति

किसानों ने बताया कि धान कटाई का समय नज़दीक था, लेकिन अचानक मौसम खराब हो जाने से फसलें बिछ गईं। इससे अनाज की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है और कई जगह खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम में जल्द सुधार नहीं हुआ तो फसल सड़ सकती है और उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है।

सर्वे कराकर उचित मुआवजा की मांग

लगातार हो रही बारिश से खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। किसान अपनी गिरी फसलों को बचाने के प्रयास में जुटे हैं, परंतु हवा और नमी के कारण धान उठ नहीं पा रही। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित खेतों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए ताकि नुकसान की भरपाई हो सके।

इनका कहना है

2 दिन से बादल छाए हुए हैं, दीपावली में अभी पानी गिरा था, जिससे धान बिछ गई थी और अभी भी तेज हवा के कारण यही स्थिति है।
प्रवीण पटेल, किसान

अगर आगे भी ऐसे ही बारिश होती है तो खेतों में पानी भर जाएगा, जिससे कटाई काफी लेट होगी, और अनाज को भी काफी नुकसान होगा।
कपिल पटेल,किसान

खेत गए किसान को मारी गोली

खून से लथपथ खेत में पड़ा रहा, परिजन ढूंढते हुए पहुंचे, मेडिकल में कराया भर्ती

जबलपुर। मझगवां थाना अंतर्गत पराखेड़ा में मवेशियों को देखने खेत गए किसान पर अज्ञात ने फायर कर दिया। हमले में घायल किसान बेहोश हो गया और खेत में ही खून से लथपथ पड़ा रहा। जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पहुंचे इसके बाद उसे मेडिकल में भर्ती कराया गया। हमलावर कौन है इसका पता नहीं चल सका है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस के मुताबिक रामनारायण कोल पिता लोटन कोल 38 वर्ष निवासी पाराखेडा मझगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई वह खेती किसानी करता है। बीती रात 11.30 बजे घर से खेत धान की फसल देखने गया था क्योकि मवेशी धान की फसल को नुकसान करते है। खेत में मवेशियों को देखरेख कर पूरा खेत घूमा किंतु मवेशी नहीं मिले। रात्रि करीब 11.30 बजे गोली चलने की आवाज आई इसके बाद वह घायल होकर गिर गया। उसे कमर में चोटें आने से बेहोश हो गया। परिजन ढूंढते ढूंढते पहुंचे और बेहोश की हालत में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। सोमवार को मेडिकल से सूचना मिलने पर गढ़ा पुलिस पहुंची। रामनारायण कोल को गोली लगने की सूचना गढ़ा पुलिस ने मझगवां पुलिस को दी। जिसके बाद देर रात पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शराब दुकान में बदमाशों ने पटके तीन बम

रांझी थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान में चार बदमाशों ने तीन बम पटक दिए। वारदात से अफरा-तफरी एवं भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। स्टॉफ ने राहगीरों की मदद से एक आरोपी को दबोच लिया जबकि तीन भाग गए। पुलिस प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक पुष्पेन्द्र सिंह पिता देवेन्द्र सिंह 40 वर्ष निवासी मडई रांझी ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मडई शराब दुकान में सेल्स मैन की नौकरी करता है। दुकान में चन्द्रिका तिवारी भी सेल्स मैन का काम करता है। सोमवार रात्रि करीब 10.30 बजे वह एवं चन्द्रिका तिवारी दोनों लोग दुकान के काउंटर पर खडे थे उसी समय दुकान के सामने चार अज्ञात लडके आए और दुकान के काउंटर के सामने अचानक तीन बम पटक दिए जिससे विस्फोट होकर बम फट गए और धुँआ धुँआ हो गया। इतने में दुकान के बाहर मौजूद स्टाफ व लडकों के द्वारा भाग कर बम पटकने वाले लडको को पकडने की कोशिश की गई तो तीन लडके भाग गए व राजा पटेल नाम के युवक को पकड़ लिया जिसके पास दो जिंदा सुअरमार बम मिले। सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बमो के अवशेष समेत जिंदा बम जब्त कर राजा पटेल को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

कौन होगा संघ प्रमुख का उत्तराधिकारी

जबलपुर, नवभारत। इन दिनों संघ के बड़े पदाधिकारी शहर में सक्रिय हैं। इसी बीच एक चर्चा खूब सुर्खियां बटोर रही है और वो है वर्तमान संघ प्रमुख मोहन भागवत के उत्तराधिकारी के घोषणा होने की। ना केवल राष्टीय स्वयंसेवक संघ, बल्कि भारतीय जनता पार्टी में ये संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं कि जबलपुर की आरएसएस की बैठक के अंतिम दिन संघ के वर्तमान प्रमुख मोहन भागवत अपने नए उत्तराधिकारी का ऐलान कर सकते हैं। यानी जबलपुर की जमीन से संघ के नए प्रमुख की घोषणा की संभावनाएं बलवती हैं। संघ के उच्च पदाधिकारियों ने इस संभावना पर पूरी तरह से हामी नहीं भरी है,लेकिन इसे पूरी तरह से नकारा भी नहीं है। संघ के सूत्रों के अनुसार, चूंकि मोहन भागवत की उम्र के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पिछले दिनों काफी चर्चाएं हुई थी,अब ये लग रहा है कि वो चर्चाएं निराधार नहीं थीं,क्योंकि जब संघ की बैठक जबलपुर में होने की कार्ययोजना तैयार की जा रही थी,तभी से संघ में अंदरूनी तौर पर इस बात पर भी चर्चा हुई थी। हालाकि,संघ की परिपाटी रही है कि वो इस तरह की योजना को लेकर गोपनीयता बरतते हैं।

कौन होगा नया प्रमुख

इधर संघ के पदाधिकारियों में इस बात को लेकर गहन मंथन किया जा रहा है कि अब अगला संघ प्रमुख कौन होगा। सूत्रों का दावा है कि नए प्रमुख को लेकर संघ के ही कोर ग्रुप में पूरा विचार-विमर्श किया जा चुका है, बस ऐलान की देर है। इधर, भाजपा के भोपाल और जबलपुर में बैठे नेताओं को भी इस संभावित परिवर्तन की भनक तो है,लेकिन उन्हें इससे ज्यादा कुछ नहीं मालूम।

ठेकेदारों की मिलीभगत खत्म करने निगमायुक्त ने अपनाया सख्त रूख

पारदर्शिता लाने ठेकेदारों से तलब की कर्मचारियों की जानकारी

कर्मचारियों की जानकारी देने से कतरा रहे ननि के ठेकेदार

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम जबलपुर में ऐसा कई बार देखा जा चुका है कि निगम कर्मचारी नौकरी पर आते ही नहीं थे और ठेकेदारों द्वारा उनका नगर निगम से वेतन भी बकायदा निकलता रहा है।

ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ अब निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सख्त रूख अपना लिया है और सभी से ये जानकारी मांगी है कि उनके अंडर में कितने कर्मचारी किस विभाग के तहत काम कर रहे हैं। लिहाजा निगमायुक्त के इस फरमान से ठेकेदारों व इनसे मिलीभगत करने वाले अधिकारियों के खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।

इन सभी को भय सता रहा है कि अगर पूरी जानकारी सही-सही दे दी गई तो कहीं उनका काला-चिट्ठा निगमायुक्त के सामने न आ जाए और पूरा खेल मठिया-मेट हो जाए। जानकारी के अनुसार निगमायुक्त के इस प्रयास से ये भी स्पष्ट हो जाएगा कि कितने कर्मचारी फील्ड पर हैं और कितने ड्यूटी से गायब हैं। उधर निगमायुक्त के सख्त रूख को लेकर निगम के उन कर्मचारियों के बीच खुशी व्याप्त है जो रोज ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे।निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नवभारत को बताया कि नगर निगम में जो नियमित अधिकारी-कर्मचारी हैं उनकी हाजिरी भी ऑनलाइन ही लग रही है और इनका पूरा डाटा नगर निगम के पास है, लेकिन ठेका पर आधारित कितने कर्मचारी किस ठेकेदार के अंदर काम कर रहे हैं और नगर निगम से भुगतान ठेकेदार के जरिए ले रहे हैं, इसकी जानकारी ठेकेदारों से तलब की गई है। लेकिन ठेकेदारों ने जानकारी अभी तक नहीं दी है। यदि इसमें लापरवाही की जाती है तो नवंबर माह से वेतन कटौती की जाएगी और जितने कर्मचारियों की सूची फिलहाल नगर निगम के पास है उन्हीं को बस निगम का ठेका कर्मी माना जाएगा।

आवश्यकता है केयर टेकर की

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.

कम से कम दो वर्ष के
अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.
12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें
9826461065

भैया-भाभी का कत्ल करने वाला छोटा भाई गया जेल

संपत्ति विवाद पर पत्नी के साथ किया था डबल मर्डर

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत बल्दीकोरी की दफाई में 24 अक्टूबर को बड़े भाई और भाभी की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। जबकि उसकी पत्नी को पूर्व में पुलिस जेल भेज चुकी है। विदित हो कि बल्दी कोरी दफाई में रहने वाले संजय चौधरी और उसके छोटे भाई बबलू चौधरी के बीच संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार सुबह दस बजे बबलू हाथ में चाकू लेकर पहुंचा और हिस्सा मांगते हुए बड़े भाई संजय 45 वर्ष और उनकी पत्नी बबीता चौधरी 40 वर्षीय पर चाकू से हमला कर दोनों को मौत के घाट उतार दिया था। संजय के शरीर में 33 तो बबीता के शरीर में 23 घाव

मिले थे। जब पुलिस ने जांच पड़ताल की तो यह बात सामने आई कि आरोपित की पत्नी पूजा ने भी चाकू मारे थे। साथ ही पति की मदद भी की थी। पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में पूजा को भी आरोपी बनाया था। जिसे गिरफ्तार करने के बाद रविवार को जेल भेज दिया था लेकिन बबलू फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगी हुई थी। उसकी गिरफ्तारी पर ईनाम भी घोषित किया गया था। कटनी में उसकी लोकेशन मिलने पर पुलिस टीम रवाना हुई जहां से उसे गिरफ्तार कर शहर लेकर आई और मंगलवार को उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

साइबर ठग ने खाते से 1. 57 लाख उड़ाए

जबलपुर। साइबर ठग ने एक युवक के खाते से 1 लाख 57 हजार 309 रूपये निकाल लिए। गोरखपुर पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पुष्पेन्द्र सिंह राठोर 30 वर्ष निवासी साई मारूती नगर पाटन रोड़ बिनेकी थाना माढ़ोताल ने लिखित शिकायत की कि पीएनबी क्रेडिट कार्ड के नाम से उसके वीडियो कॉल ई केवायसी के लिये पंजाब नेशनल बैंक से कॉल आया, उसने बताये अनुसार क्रेडिट कार्ड का नम्बर इनपुट किया यूनिटी स्माल फायनेंस बेंक भारत पे क्रेडिट कार्ड नम्बर जिसमें से 1 लाख 57 हजार 309 रूपये बारी बारी कटते जाने लगे, जिस नम्बर से कॉल आया उक्त नम्बर फिलिपकार्ड, अमेजान, मोबाइल केडब्ल्युके सॉल्यूसन अन्य के नाम से पैसा काटा गया। फिर उसके बाद उसने देखा की उसका फोन कॉल फॉरमेटिंग मोड पे जा चुका है उस समय किसी का फोन रिकार्ड नहीं कर पा रहा था उसी समय उसके एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से भी पैसे कॉट लिये गये 10 हजार रूपये एवं 15 हजार के ट्रांजेक्शन फिलिपकार्ट की मद्द से फिर उसने अपने परिचित की मद्द से एक कोर्ड पाया 021 ऐसा कुछ कोड था जिसके बाद पैसे कटना बंद हो गया।

AVAILABLE AT: Naagal Pavilion, Opp Wright Town Stadium Gate 4 I Bada Fuhara I

नवभारत से खास बातचीत में बोले पमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

जबलपुर स्टेशन की गिनती विश्व के बेहतरीन स्टेशनों में होगी

धनंजय श्रीवास्तव

जबलपुर, नवभारत। महापर्व छठ को पश्चिम मध्य रेल ने चुनौती की बजाय एक अवसर के रूप में देखा। क्योंकि इससे रेलवे को अपनी भीड़ प्रबंधन क्षमताओं का प्रदर्शन करने और यात्रियों की यात्रा को बेहतर बनाने के लिए अपनी सेवाओ को बढ़ाने का मौका मिलता है। ये बाते पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हर्षित श्रीवास्तव ने मंगलवार को नवभारत से खास बातचीत कही। उन्होंने आगे बताया कि दिवाली, दशहरा और छठ जैसे बड़े महापर्वों में रेलवे का ध्यान भीड़ को नियंत्रित करने, अतिरिक्त ट्रेनें चलाने, और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने की ओर केंद्रित रहता है। उन्होंने पमरे द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं पर भी प्रकाश डाला कई अन्य प्रश्नों के विस्तृत जवाब दिए।

प्र - कटनी ग्रेड सेपरेटर को आप कैसे देखते है?

उ - श्री श्रीवास्तव ने बताया कि सिंगरौली से शहडोल कटनी बिलासपुर रेल मार्ग पर कोयला, सीमेंट की मालगाड़ियों का मूवमेंट बड़ी संख्या में होता है। जिसके कारण इटारसी से जबलपुर, कटनी होकर बिलासपुर, दमोह और सतना की ओर जाने वाली पैसेंजर गाड़ियां कटनी आउटर पर घंटों लेट होती थी। जिसके जवाब में रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम मध्य रेल में

पमरे के सीपीआरओ से सौजन्य भेंट करते नवभारत के सहायक महाप्रबंधक

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्य पर जोर देते हुए भारतीय रेलवे का सबसे लंबा पुल (वायाडक्ट) कटनी ग्रेड सेपरेटर बनाया गया। यह परियोजना पश्चिम मध्य रेलवे की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। इस ग्रेड सेपरेटर के पूरा होने पर यह भारतीय रेलवे का सबसे लंबा रेलवे वायाडक्ट बन जाएगा। सीपीआरओ ने आगे बताया कि कटनी ग्रेड सेपरेटर परियोजना की कुल लंबाई 33.40 किलोमीटर है, जिसकी अनुमानित लागत 1800 करोड़ रुपये है। यह दो भागों में बनाया गया है। पहला डाउन ग्रेड सेपरेटर 17.52 किमी और अप ग्रेड सेपरेटर 15.85 किमी है। परियोजना के तहत 18 किमी का वायाडक्ट (पुल), 3 किमी की रिटेनिंग वॉल, और 13 किमी का अर्थवर्क शामिल है। इसमें अप ग्रेड सेपरेटर में 260 स्पैन और डाउन ग्रेड सेपरेटर में 411 स्पैन निर्माणाधीन हैं। निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्तमान में, डाउन ग्रेड सेपरेटर का सफल ट्राइल होने के बाद इसे मालगाड़ियों के लिए खोल दिया गया है। अब बिलासपुर की और से आने वाली मालगाड़ियां सीधे सिंगरौली ट्रैक में मर्ज हो रही है।

प्र - मुख्य रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक बढ़ा, क्या प्लेटफार्म और बढ़ेंगे ?

उ - पमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ दो नये प्लेटफॉर्म बनाए जाने हैं। इसके लिए 6 महीने पहले बजट भी पास हो गया है। जल्द ही इसकी डिजाइन भी फाइनल कर ली जाएगी। डिजाइन बनने के बाद टेंडर लगेगा फिर एजेंसी तय होगी उसके बाद काम शुरू हो सकेगा। सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि दिनों दिन मुख्य रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ट्रैफिक बढ़ता चला जा रहा है। जिसके चलते अब दो और नए प्लेटफार्म की जरूरत महसूस होने लगी है। इस काम के शुरू होने के बाद स्टेशन में प्लेटफॉर्म की संख्या 6 से बढ़कर 8 हो जाएगी। दो नये प्लेटफॉर्म बनाने के लिए एक नंबर प्लेटफॉर्म की तरफ जो बिल्डिंग व पुराने क्वार्टर हैं, उन्हें तोड़ा जाएगा। बताया यह भी जा रहा है कि डिजाइन लगभग तैयार है। सिर्फ रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलने का इंतजार हो रहा है। मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ जहां नये प्लेटफॉर्म बनाए जाने हैं वहां पर 24 कोच की ट्रेन खड़ी हो सके उसके अनुसार निर्माण कार्य करने की तैयारी है। सीपीआरओ के अनुसार वर्तमान में नैनपुर पैसेंजर ट्रेन के लिए जीआरपी स्टेशन के सामने बने प्लेटफॉर्म क्रमांक एक-ए का विस्तार कटनी एंड पर पार्सल कार्यालय की लाइन तक करके एक नया प्लेटफॉर्म बनेगा। इसके साथ ही यहां दूसरा प्लेटफॉर्म बनेगा, जिसके लिए अभी जो बिल्डिंग बनी है, उसको हटाया जा सकता है। अभी 8 से 10 कोच की ट्रेन खड़े होने लायक प्लेटफॉर्म एक-ए बना हुआ है, यहीं विस्तार किया जाएगा।

प्र - क्या रानी कमलापति की तर्ज पर बनेगा मदनमहल स्टेशन

उ - श्री श्रीवास्तव ने नवभारत को बताया कि मदन महल स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर किया जा रहा है। इसे अगले वर्ष फरवरी में पूरा कर लिया जाएगा। स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे जबलपुर स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। इस परियोजना के तहत, प्लेटफार्मों का विस्तार और नवीनीकरण किया गया है, एक नया फुट ओवरब्रिज बनाया गया है, और नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं। टर्मिनल स्टेशन की योजना के तहत एक तरफ प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ शेड लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए लोहे के पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 120 करोड़ रुपए की लागत से हबीबगंज रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित किए जा रहे टर्मिनल के बनने से जहाँ एक ओर देश के नक्शे पर जबलपुर की छवि रेल यात्री सुविधाओं के मामले में चमक उठेगी। टर्मिनल बनने के बाद जबलपुर रेलवे स्टेशन से दक्षिण भारत की ओर चलने वाली ट्रेनों को मदन महल स्टेशन से चलाया जाएगा।

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
जनरल मेडिसिन | हृदय रोग | नेत्र रोग | अस्थि रोग | जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
न्यूरो तथा स्पाइन | नाक-कान-गला रोग | कैंसर | स्त्री एवं प्रसूती रोग | बाल रोग
24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है
दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447

मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल
डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)
एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।
पता जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57